सांवरे का दरस करा दे हमको

राधे रानी श्याम से मिला दे हमको,
सांवरे का दरस करा दे हमको...

कोई कहता गोकुल वाला कोई कहता मथुरा वाला,
कौन गांव का ग्वाला रे बता दे हमको,
सांवरे का दरस करा दे हमको.....

कोई कहता यशोदा लाला कोई कहता देवकी लाला,
किसका तू है लाला रे बता दे हमको,
सांवरे का दरस करा दे हमको.....

कोई कहता गैया वाला कोई कहता बछड़ा वाला,
ये कैसा जादू डाला रे बता दे हमको,
सांवरे का दरस करा दे हमको....

कोई कहता माखन खाता कोई कहता मिश्री खाता,
किसके चावल खाए रे बता दे हमको,
सांवरे का दर्शन करा दे हमको.....

कोई कहता बंसी वाला कोई कहता मुरली वाला,
कैसा चक्र चलाया रे बता दे हमको,
सावरेका दरस करा दे हमको....

कोई कहता राधा वाला कोई कहता रुक्मण वाला,
किसका तू भरतार रे बता दे हमको,
सांवरे का दरस करा दे हमको....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25691/title/sanwre-ka-daras-kara-de-humko

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |